11.11.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–नई दिल्ली में लालकिले के पास कार विस्फोट की भयावह घटना के षडयंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।
- अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न–शाम साढे पांच बजे तक करीब 78 फीसदी वोट पड़े।
- राज्य सरकार ने 12 जिलों के 7 हजार 451 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया।
- मौसम विभाग ने आगामी 2 दिन जयपुर और सीकर संभाग में शीतलहर की संभावना जताई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट मामले में कहा है कि इस भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान यात्रा पर गये प्रधानमंत्री ने थिम्पू में एक कार्यक्रम में कहा कि कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है।

000

इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कार विस्फोट के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए आज अपने निवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए के महानिदेशक उपस्थित थे। जम्मू–कश्मीर के पुलिस महानिदेशक भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया है कि दिल्ली कार विस्फोट के ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। आज नई दिल्ली में दिल्ली रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने बताया कि प्रमुख जांच एजेंसियां कार विस्फोट की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। श्री सिंह ने दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भ्ज्ञी कहा है कि दिल्ली ब्लास्ट के पीछे की देश या विदेश की किसी भी ताकत को बख्शा नहीं जाएगा। आज पत्रकारों से बातचीत में श्री शेखावत ने कहा कि कश्मीर से लेकर हरियाणा, गुजरात और दिल्ली तक के एक बड़े नेटवर्क का पता चला है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। शाम साढे पांच बजे तक करीब 78 फीसदी मतदान होने के समाचार हैं। बारां के अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी भंवर लाल ने आकाशवाणी को बताया कि मतदान शांतिपूर्ण हुआ है। मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लम्बी कतारें देखी गयीं, शाम होते–होते मतदान का दौर धीमा पड़ गया। साकली गांव के मतदान केंद्र 219 पर लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। लोगों के समर्थन में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा धरने पर बैठे। हालांकि 15 मिनट बाद ही उन्होंने धरना खत्म कर दिया था। अंता में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें बीजेपी से मोरपाल सुमन और कांग्रेस से प्रमोद जैन भाया हैं। निर्दलीय नरेश मीणा के कारण त्रिकोणीय मुकाबला है। मतगणना 14 नवम्बर को होगी। इस सीट पर भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा को पुराने आपराधिक मामले में दोषी करार दिये जाने पर इस साल मई महीने से उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गयी, इस

कारण अंता में उपचुनाव कराये जा रहे हैं। उधर बिहार में आज दूसरे चरण में 20 जिलों के 122 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हुआ। वहां दोपहर 3 बजे तक 60 दशमलव चार प्रतिशत मतदान हुआ। किशनगंज में 66 प्रतिशत से ज़्यादा मतदान हुआ है, जो विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 ज़िलों में सबसे ज़्यादा है।

000

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद वेबसाइट पर फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। मतदाता केवल खुद अपने लिए ही ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकता है। इसके लिए मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड का उपयोग करने वाले ई–हस्ताक्षर उपकरण पर मतदाता का नाम बिल्कुल एक जैसा होना चाहिए। इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता पहचान पत्र से लिंक होना जरूरी है। अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने वाले मतदाता को बीएलओ द्वारा दिया जाने वाला फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है।

000

राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर 12 जिलों के 7 हजार 451 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। इन गांवों में बाढ़ से 33 प्रतिशत या इससे अधिक फसल खराबा से प्रभावित होने वाले किसानों को कृषि आदान–अनुदान दिया जाएगा। यह प्रावधान प्रभावित गांवो में 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगे। इस निर्णय से बांसवाड़ा, ब्यावर, डूंगरपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा, नागौर, राजसमंद, डीडवाना–कुचामन, सवाईमाधोपुर, श्रीगंगानगर, बालोतरा और चित्तौडगढ़ जिलों की 98 तहसीलों के प्रभावित किसानों को राहत मिल सकेगी।

000

जैसलमेर से लगती भारत पाक सीमा पर भारतीय सेना युद्धाभ्यास त्रिशूल में अपना दमखम दिखा रही है। आज सरहद पर मरु ज्वाला अभ्यास के दौरान सेना की ओर से दुर्गम रेगिस्तानी क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता और दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को नेस्तनाबूद करने जैसे प्रदर्शन किए। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि इसके साथ ही सेना के अत्याधुनिक हथियारों की क्षमताओं का भी आंकलन किया गया।

000

भाजपा की ओर से प्रदेश में 9 से 15 नवम्बर तक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर "जनजागरण अभियान" चलाया जा रहा है। इसमें भगवान बिरसा मुंडा जी सहित सभी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान के तहत 13 से 15 नवम्बर को भाजपा जनजाति वर्ग के सैनानियों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के साथ दीपोत्सव मनाएगी। 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर डूंगरपुर में विशाल जनजाति सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मिथिलेश गौतम ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जनजागरण अभियान के तहत टाउन हॉल मीटिंग्स, निबंध, सामान्य ज्ञान और भाषण प्रतियोगिताएं सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इनके माध्यम से युवाओं और समाज के सभी वर्गों को बिरसा मुंडा जी के जीवन दर्शन से जोड़ा जाएगा।

000

सवाईमाधोपुर जनजाति गौरव वर्ष के अन्तर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के सिलसिले में चिकित्सा विभाग की ओर से आज से चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी आंगनबाडी केन्द्रो पर महिलाओं विशेषकर आदिवासी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। शिविर में गर्भवती महिलाओं का ए.एनसी. चैकअप और छोटे बच्चों के टीके लगाये जा रहें है। वहीं डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि जिले के आदिवासी गांव में आज स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

000

प्रदेश में सर्दी का असर धीरे–धीरे तेज होने लगा है। बीती रात 10 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री या इससे कम मापा गया। सीकर का फतेहपुर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 9 डिग्री दर्ज़ किया गया। इसके अलावा, सीकर, पिलानी, दौरा, नागौर, चूरू, सिरोही तथा अंता में भी रात का पारा 10 डिग्री से नीचे मापा गया। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी दो दिन जयपुर और सीकर संभाग में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। वहीं टोंक और सीकर जिले में अगले 5 दिन शीतलहर चलने की संभावना है।

000

भरतपुर के प्रसिद्ध बारैठा बांध क्षेत्र में अब जयपुर बायोलॉजिकल पार्क की तर्ज पर नया बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने एक करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

000